# University in News on 03 October 2022

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि : पीजी के एक दर्जन कोर्सों की मेरिट लिस्ट जारी

### जल्द शुरू होगी च्वॉइस फिलिंग की प्रक्रिया, पीजी में भी प्रवेश की गति होगी तेज

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि में स्नातक अंतिम वर्ष के लगभग सभी कोर्सों का परीक्षा परिणाम आ चुका है। इसके बाद अब विश्वविद्यालय में परास्नातक कोर्सों की प्रवेश प्रक्रिया गति पकड़ेगी। विवि प्रशासन ने रविवार को एक दर्जन पीजी कोर्सों की मेरिट सूची जारी कर दी है। जल्द ही इनकी च्वॉइस फिलिंग की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

विवि प्रशासन की ओर से पिछले दिनों पीजी प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के बाद इनकी आंसर-की तो जारी कर दी गई थी लेकिन स्नातक अंतिम वर्ष के रिजल्ट न आने के कारण आगे की काउंसिलिंग प्रक्रिया नहीं शुरू की गई थी। अब परिणाम आने के साथ ही रविवार को एमएससी अप्लाइड जियोलॉजी, एमएससी बॉटनी/माइक्रोबायोलॉजी, एमए इंग्लिश, एमए जियोग्राफी, एमए हिंदी, एमएससी मैथ्स, एमए मैथ्स, एमए मेडिवल एंड मॉडर्न इंडियन हिस्ट्री, एमए पब्लिक हेल्थ, एमए संस्कृत, एमए समाजशास्त्र, एमएससी जुलॉजी की प्रोविजनल मेरिट जारी की गई है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि विद्यार्थी अपने लॉगिन आई-डी से अपनी मेरिट देख सकते हैं। जल्द ही उपरोक्त विषयों की मेरिट के अनुसार उपलब्ध सीटों के सापेक्ष च्वॉइस फिलिंग शुरू की जाएगी। जिन विषयों में च्वॉइस फिलिंग की जरूरत है, उसमें च्वॉइस फिलिंग के बाद सीट अलॉटमेंट किया जाएगा। सीटों के सापेक्ष जिनमें कम आवेदन हैं, उनका सीधे सीट आवंटन जारी होगा। जानकारी विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी।



#### बीए-बीएससी का अलॉटमेंट आज

लविवि की स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में बीए एनईपी, बीएससी बायो एनईपी व बीएससी मैथ्स एनईपी की ऑनलाइन काउंसिलिंग के सेकंड अलॉटमेंट का परिणाम सोमवार को जारी होगा। अलॉटमेंट/अपग्रेडेशन के बाद सीट आवंटन का परिणाम मेरिट और च्वॉइस के आधार पर जारी होगा। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने कहा, अभ्यर्थी दिए लॉगिन का प्रयोग कर सोमवार शाम सात बजे के बाद आवंटन देख सकेंगे। फीस छह अक्तूबर तक जमा कर सकेंगे।

#### छात्र बोले, कम हुए नंबर

विवि प्रशासन ने रविवार को जारी पीजी मेरिट लिस्ट को लेकर कुछ छात्रों ने आपत्ति दर्ज कराई है। छात्रों ने कहा है कि जब आंसर-की जारी की गई थी तो उसके हिसाब से नंबर ज्यादा थे। किंतु जब परिणाम आया तो उनके नंबर कम हो गए हैं। वहीं कुछ छात्रों के डाक्युमेंट अपलोड करने के बाद भी नहीं दिखा रहा है। विवि प्रशासन ने कहा कि वह इस बारे में देखकर बता सकेंगे कि क्या दिक्कत है।

#### 20 के बाद कराएं पीएचडी का इंटरव्यू

लविवि व सहयुक्त महाविद्यालयों में पीएचडी सत्र 2020-21 के प्रवेश के लिए इंटरव्यू 10 अक्तूबर से शुरू करने की तैयारी है। इस बीच कुछ छात्रों ने अपने यूजीसी-नेट, जेआरएफ परीक्षा का हवाला देते हुए इसे 20 अक्तूबर के बाद कराने की मांग की है। वहीं विवि प्रशासन का कहना है कि किसी विद्यार्थी का नुकसान नहीं होगा, इस पर सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## i-NEXT PAGE 4

### लखनऊ यूनिवर्सिटी में प्रोविजनल मेरिट सूची आई

# पीजी के 12 विषयों की मेरिट सूची जारी

#### एलयू में जल्द दिया जाएगा विकल्प भरने का मौका

LUCKNOW (2 OCT): लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक कोर्सों में आंसर-की जारी करने के बाद रविवार को 12 विषयों की प्रोविजनल सम्पूर्ण मेरिट सूची जारी कर दी. अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर इसे देख सकते हैं. मेरिट सूची में अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा में मिले अंक, स्नातक के अंक, कैटेगिरी भी दी गई है.

#### प्रोविजनल सूची जारी

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पहले पीजी की आंसर-की जारी की गई थी. अब प्रोविजनल मेरिट सूची जारी की गई है. इनमें एमएससी एप्लाइड जियोलाजी, एमएससी बाटनी/माइक्रोबायोलाजी, एमए अंग्रेजी, एमए जाग्रफी, एमए हिन्दी, एमएससी मैथमेटिक्स, एमए मैथमेटिक्स, एमए मध्यकालीन इतिहास, मास्टर आफ पब्लिक हेल्थ, एमए संस्कृत, एमए सोशियोलाजी, एमएससी जूलाजी विषय शामिल हैं. उन्होंने बताया कि इन विषयों में मेरिट के अनुसार अभ्यर्थियों को उपलब्ध सीटों के सापेक्ष विकल्प भरने का मौका दिया जाएगा. फिर सीट आवंटन होगा, जो अभ्यर्थी के लागिन पर उपलब्ध कराया जाएगा.



#### आवश्यकता अनुसार विकल्प

जिन विषयों में विकल्प भरने की आवश्यकता है, उनमें पहले विकल्प की प्रक्रिया शुरू होगी. उसके बाद आवंटन होगा. आनलाइन विकल्प भरने एवं पंजीकरण की प्रकिया शुरू करने की तिथि जल्द ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की जाएगी.

#### बीए, बीएससी का दूसरा सीट आवंटन आज

लखनऊ विश्वविद्यालय सोमवार को दोपहर तीन बजे बीए (एनईपी), बीएससी बायोलाजी (एनईपी) और बीएससी गणित (एनईपी) की आनलाइन काउंसिलिंग के अंतर्गत दूसरा सीट आवंटन/अपग्रेडेशन का परिणाम जारी करेगा. यह सीट आवंटन अभ्यर्थी की मेरिट एवं च्वाइस के आधार पर जारी किया जा रहा है जो उनकी लागिन पर उपलब्ध होगा. अभ्यर्थी शाम सात बजे के बाद अपना आवंटन देख सकेंगे. इसमें आवंटित सीट की फीस जमा करने का मौका छह अक्टूबर तक रहेगा.

## JAGRAN CITY PAGE III

# लवि : परास्नातक के 12 विषयों की मेरिट सूची की गई जारी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक कोर्सों में आंसर-की जारी करने के बाद रविवार को 12 विषयों की प्रोविजनल सम्पूर्ण मेरिट सूची जारी कर दी। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर इसे देख सकते हैं। मेरिट सूची में अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा में मिले अंक, स्नातक के अंक, कैटेगिरी भी दी गई है।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पहले पीजी की आंसर-की जारी की गई थीं। अब प्रोविजनल मेरिट सूची जारी की गई है। इनमें एमएससी एप्लाइड जियोलाजी, एमएससी बाटनी/माइक्रोबायोलाजी, एमए अंग्रेजी, एमए जाग्रफी, एमए हिन्दी, एमएससी मैथमेटिक्स, एमए मैथमेटिक्स, एमए मध्यकालीन इतिहास, मास्टर आफ पब्लिक हेल्थ, एमए संस्कृत, एमए सोशियोलाजी, एमएससी जूलाजी विषय शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन विषयों में मेरिट के अनुसार अभ्यर्थियों को उपलब्ध सीटों के सापेक्ष विकल्प भरने का मौका दिया जाएगा। फिर सीट आवंटन होगा, जो अभ्यर्थी के लागिन पर उपलब्ध कराया जाएगा।

**कम नंबर देने का आरोप :** परास्नातक प्रवेश परीक्षा की मेरिट सूची जारी होने के बाद कुछ अभ्यर्थियों ने इस पर आपत्ति जताई है। एक अभ्यर्थी का कहना है कि जब आंसर-की जारी हुई थी तो उन्हें 94 अंक मिले थे। अब मेरिट सूची में 92 दिख रहे। इसी तरह जाग्रफी विषय की आंसर-की में 138 अंक थे, लेकिन मेरिट सूची में 136 हैं।

जिन विषयों में विकल्प भरने की आवश्यकता है, उनमें पहले विकल्प की प्रक्रिया शुरू होगी। पंजीकरण की प्रकिया शुरू करने की तिथि जल्द ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

#### बीए, बीएससी का दूसरा सीट आवंटन आज

लवि सोमवार को दोपहर तीन बजे बीए (एनईपी), बीएससी बायोलाजी (एनईपी) और बीएससी गणित (एनईपी) की आनलाइन काउंसिलिंग के अंतर्गत दूसरा सीट आवंटन/अपग्रेडेशन का परिणाम जारी करेगा। यह सीट आवंटन अभ्यर्थी की मेरिट एवं च्वाइस के आधार पर जारी किया जा रहा है जो उनकी लागिन पर उपलब्ध होगा। अभ्यर्थी शाम सात बजे के बाद अपना आवंटन देख सकेंगे। इसमें आवंटित सीट की फीस जमा करने का मौका छह अक्टूबर तक रहेगा।

## SWATANTRA BAHRAT PAGE 5

# एलयू : परास्नातक प्रवेश परीक्षा की मेरिट लिस्ट जारी

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।



लविवि की परास्नातक प्रवेश परीक्षा अंतर्गत एसएससी के एप्लाइट जियोलाजी, बॉटनी, माइक्रो बायोलॉजी, मैथमेटिक्स, जुलोजी एवं एमए के इंग्लिश, हिन्दी, जिओग्राफी, मैथमेटिक्स, सोशियोलाजी, संस्कृत, मेडिवल और माडर्न इंडियन हिस्ट्री एवं मास्टर्स-पब्लिक हेल्थ जैसे विषयों की प्रोविशनल कम्प्लीट मेरिट लिस्ट वेबसाइट पर जारी कर दी गयी है। जल्द ही इन विषयों का मेरिट के अनुसार उपलब्ध सीटों के सापेक्ष च्वॉइस फिलिंग कराके सीट अलॉटमेंट किया जाएगा, जो अभ्यर्थी के लॉगिन पर उपलब्ध होगा और जिन विषयों में चॉइस फिलिंग की आवश्यकता होगी, उनमें पहले च्वॉइस फिलिंग कराई जाएगी उसके बाद अलॉटमेंट की प्रक्रिया शुरू होगी। ऑनलाइन च्वॉइस फिलिंग एवं रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया की तिथि जल्द ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

## PIONEER PAGE 4

# एलयू स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत सेकेंड आवंटन की सूची जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से रविवार को स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत बीए एनईपी, बीएससी बायो एनईपी, बीएससी मैथ एनईपी की ऑनलाइन काउंसिलिंग के तहत सेकेंड एलॉटमेंट/अपग्रेडेशन की दूसरी सूची जारी कर दी गयी है। अभ्यर्थी पूर्व में दिए गए लॉगिन का प्रयोग करके सोमवार शाम सात बजे के बाद अपना आवंटन देख सकते हैं।

वहीं परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत एमएससी अप्लाइड जियोलॉजी, एमएससी बॉटनी/ माइक्रोबायलाजी,एमए अग्रेंजी, एमए जियोग्राफी, एमए हिन्दी, एमएससी मैथ, एमए मैथ, एमए मध्यकालीन एवं आधुनिक भारतीय इतिहास, मास्टर पब्लिक हेल्थ, एमए संस्कृत, एमए समाजशास्त्र, एमएससी जुलोजी की प्रोविजनल मेरिट लिस्ट वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी है। विवि की तरफ जल्द ही उपलब्ध सीटों के सापेक्ष च्वाइस फीलिंग कराके सीट अलॉटमेंट किया जायेगा।

#### पीईटी प्रवेश परीक्षा को लेकर एडमिट कार्ड जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की तरफ से रविवार को पीईटी 2022 परीक्षा को लेकर एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। पीईटी परीक्षा का आयोजन 15 और 16 अक्टूबर को होगा। इस परीक्षा में तकरीबन 30 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रदेश के सभी 75 जिलों के 1899 परीक्षा केन्द्र पर चार पालियों में परीक्षा होगी। परीक्षा से जुड़े किसी भी तरह के अपडेट के लिए अभ्यर्थी को यूपीएसएसएससी की वेबसाइट पर विजिट करना होगा।